# APPENDIX H

## DAILY LESSON EVALUATION PROFORMAS

पाठ योजना - I (मूल्यांकन)

विभाग (अ)

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत।

---------- 1- उदयपुर की जनसंख्या का अर्थ उदयपुर के सभी वयस्कों से है।

---------- 2- उदयपुर की जनसंख्या में पिछले कई वर्षों से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

---------- 3- उदयपुर के कुछ भागों की जनसंख्या उसके दूसरे भागों से अधिक घनी है।

---------- 4- किसी भी स्थान की जनसंख्या वहाँ की जन्म व मृत्यु की संख्या पर ही आधारित है।

---------- 5- जीवन - स्तर को बनाए रखने के लिए जनसंख्या स्थिति एवम् वहाँ की जनसंख्या के लिए उपलब्ध संसाधनों के बीच सन्तुलन आवश्यक है।

---------- 6- बाल - विवाह से शीघ्र माँ बनने की सम्भावनाएं बढ़ जाती है।

---------- 7- छोटी उम्र में गर्भ धारण करने से माता व शिशु के स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

---------- 8- माँ - बाप बनने से सम्बन्धित आज लिए गए निर्णयों का भविष्य के जीवन - स्तर पर भारी प्रभाव पड़ता है।

---------- 9- जनसंख्या शिक्षा का उद्देश्य परिवार के आकार को सीमित करना है।

---------- 10- जनसंख्या शिक्षा सभी उम्र के लोगों के लिए आवश्यक है।

## विभाग – ब

1– आज पढ़ाये गये पाठ की विषय – वस्तु सरल/कठिन थी क्योंकि–

2– आज पढ़ाया गया पाठ शीघ्र पूरा किया गया/गति से पूरा किया गया।

3– अध्यापिका की भाषा समझने में सरल/कठिन थी, क्योंकि–

4– आज पाठ पढ़ाने के लिए काम में ली गई सहायक सामग्री ने पाठ को अधिक / कम प्रभावशाली बनाया, क्योंकि–

5– अध्यापिका ने कक्षा में विचार–विमर्श को प्रोत्साहित किया/नहीं किया, क्योंकि–

## पाठ योजना - II (मूल्यांकन)

### विभाग - (अ)

I बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत:-

------------ 1- सन् 1930 एंव 1975 के बीच संसार की जनसंख्या दुगुनी हो गई है।

------------ 2- संसार की जनसंख्या सभी देशों में समान गति से निरंतर बढ़ रही है।

------------ 3- जनसंख्या को प्रभावित करने वाली प्रक्रियाओं के आपसी संबंध के फलस्वरूप जनसंख्या घटती या बढ़ती है।

------------ 4- जनसंख्या की दृष्टि से सिक्किम की आबादी सबसे कम घनी है

------------ 5- राजस्थान में जयपुर सबसे अधिक घनी आबादी वाला जिला माना जाता है।

II निम्नलिखित वाक्यों को पूर्ण कीजिए:-

1- सन् 1921 भारत के जनसंख्या इतिहास में एक महत्वपूर्ण विभाजक माना जाता है क्योंकि -

2- मृत्युदर कम होने पर भी भारत की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है क्योंकि -

3- जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य है -

4- विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों के लिए जनसंख्या वृद्धि की समस्या अधिक गम्भीर है क्योंकि -

5- आज संसार में प्रत्येक पाँचवा/सातवाँ/नवाँ व्यक्ति भारतीय है।

## पाठ योजना III (मूल्यांकन)

### विभाग (अ)

I बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत।

------------ 1- परिवार में बालक का जन्म स्त्री के प्रजनन सम्बन्धी व्यवहार से प्रभावित होता है।

------------ 2- स्त्री का प्रजनन काल उसके जन्म से मृत्यु तक होता है।

------------ 3- जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न कारक आपस में संबंधित हैं।

------------ 4- अधिक जन्म की दर से अधिक मृत्यु दर जुड़ी हुई है।

------------ 5- बच्चे ईश्वर की देन हैं।

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

1- जनसंख्या वृद्धि के कारक बिन्दुवार लिखिए।

2- लोगों के जीवन निर्वाह पर देशान्तर गमन (माइग्रेशन) के प्रभावों को समझाइए।

3- लोगों के जीवन निर्वाह पर जनसंख्या वृद्धि के परिणामों का उल्लेख कीजिए।

4- यदि जनसंख्या इसी गति से बढ़ती रही तो भविष्य में विभिन्न संसाधनों से संबंधित समस्याएं क्या-क्या होंगी? लिखिए।

5- फिल्म -डाउन टू अर्थ- के महत्वपूर्ण बिन्दु संक्षेप में लिखिए।

पाठ योजना IV (मूल्यांकन)

विभाग (अ)

निम्नलिखित कथनों को पूर्ण कीजिए :-

(1) जीवन स्तर का अर्थ है :-

(2) परिवार के जीवन - स्तर के विभिन्न सूचकों की सूची तैयार कीजिए:-

(3) परिवार का आकार उसके जीवन-स्तर से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है क्योंकि:-

(4) छोटे परिवार का जीवन स्तर उच्च होता है, क्योंकि :-

(5) औद्योगीकरण एवम् शहरीकरण ने व्यक्ति के जीवन को प्रभावित किया है, क्योंकि :-

(6) लोग यदि परिवार के आकार को नियंत्रित नहीं करते हैं तो धनवानों की जीवन स्तर घटता जाएगा एवम् गरीबों की गरीबी और भी बढ़ती जाएगी क्योंकि :-

(7) परिवारों के जीवन स्तर का राष्ट्र की आर्थिक स्थिति व प्रगति पर प्रभाव पड़ता है क्योंकि :-

(8) विकसित देशों का जीवन स्तर अधिक उच्च होता है क्योंकि :-

(9) जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए, संसाधनों की उपलब्धि व उनके उपयोग, दोनों में संतुलन होना आवश्यक है अन्यथा :-

(10) बड़े परिवार की तुलना में छोटा परिवार अपने बच्चे के समुचित विकास के लिए अधिक सहायता कर सकता है क्योंकि :-

## पाठ योजना – V (मूल्यांकन)

### विभाग (अ)

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत –

_____________ 1– हम लोगों को मरने नहीं दे सकते। अतः जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए जन्म की संख्या पर रोक लगाना आवश्यक है।

_____________ 2– गाँव के लोग, जिनके पास पर्याप्त जमीन है, उन्हें अपने परिवारों के बारे में योजना बनाने की आवश्यकता नहीं है।

_____________ 3– एक विवाहित जोड़े द्वारा बालक के जन्म के विषय में आज लिए गये निर्णय का भविष्य की जनसंख्या स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।

_____________ 4– सरकार का कार्यक्रम होने के नाते परिवारों को नियोजित करना आवश्यक है।

_____________ 5– प्रत्येक जोड़े को स्वयं के लिए निर्णय लेना चाहिए कि उन्हें कितने बच्चे चाहिए।

## पाठ योजना VI (मूल्यांकन)

नीचे दिए गए प्रत्येक कथन के लिए सब से सही उत्तर पर निशान लगाइए :-

(1) प्रजनन संस्थान का ज्ञान जीवन स्तर को बनाए रखने हेतु :-

(अ) प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है।
(ब) प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक नहीं है।
(स) कोई प्रभाव नहीं डालता है।

(2) पुरूषों के प्रजनन अंग :

(अ) आन्तरिक रूप से स्थित हैं।
(ब) वाह्य रूप से स्थित हैं।
(स) आन्तरिक एवम् वाह्य रूप से स्थित हैं।

(3) एक स्त्री गर्भधारण तभी करती है जब :

(अ) जब वह अपने प्रजनन काल में होती है।
(ब) उसका मासिक धर्म बन्द हो जाता है।
(स) उसका मासिक धर्म शुरू नहीं हुआ है।

(4) स्त्री व पुरूष के प्रजनन अंगों के कार्य :-

(अ) समान हैं।
(ब) थोड़े-थोड़े समान हैं।
(स) बिलकुल भिन्न हैं।

(5) मासिक धर्म :

(अ) सभी स्त्रियों में होने वाली एक साधारण क्रिया है।
(ब) एक प्रकार की बीमारी या विकार है।
(स) स्त्रियों में होने वाली एक असाधारण क्रिया है।

## पाठ्योजना VII ॥मूल्यांकन॥

बताईए कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत :-

------------ 1- गर्भनिरोध की पद्धतियाँ केवल पुरुषों के लिए उपलब्ध हैं।

------------ 2- बालक के जन्म सम्बन्धी निर्णय पति-पत्नी को करने चाहिए।

------------ 3- सुरक्षित काल पद्धति को अपनाने से गर्भधारण को रोका जा सकता है।

------------ 4- सुरक्षित काल पद्धति मासिक धर्म से सम्बन्धित है।

------------ 5- पति- पत्नी को सबसे लोक- प्रिय गर्भ निरोधक ही अपने प्रयोग के लिए चुनना चाहिए।

## पाठ योजना VIII मूल्यांकन

### विभाग (अ)

बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत हैं:-

------------ 1- सारे विश्व में जनसंख्या वृद्धि की समस्या चिन्ता का विषय है।

------------ 2- आज़ादी के पहले, जन्म दर को कम करने के लिए कोई कार्यक्रम या प्रयत्न नहीं थे।

------------ 3- भारत परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू करने वाला दूसरा देश है।

------------ 4- 1974 को "विश्व जनसंख्या वर्ष " घोषित किया गया था।

------------ 5- कानून की दृष्टि से लड़कों के लिए विवाह की आयु 18 वर्ष व लड़कियों के लिए 13 वर्ष है।

------------ 6- सन् 1977 में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति में संशोधन किया गया और स्कूल के सभी स्तरों पर जनसंख्या शिक्षा के प्रारंभ पर अधिक जोर दिया गया।

------------ 7- जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को माता/पिता बनने के विषय में सावधानी पूर्वक निर्णय लेने चाहिए।

------------ 8- माता-पिता बनने सम्बन्धी परिवार द्वारा लिए गए निर्णय का राष्ट्र की प्रगति से सम्बन्ध नहीं है।

------------ 9- परिवार नियोजन कार्यक्रमों को अब "माता और शिशु कल्याण कार्यक्रम" कहा जाता है।

------------ 10- युवा पीढ़ी को जनसंख्या शिक्षा देने के साथ- साथ माता-पिता एवम् अध्यापकों को भी यह शिक्षा देना आवश्यक है।

## विभाग - ब

1- आज पढ़ाये गये पाठ की विषय-वस्तु सरल/कठिन थी क्योंकि -

2- आज पढ़ाया गया पाठ शीघ्र पूरा किया गया/गति से पूरा किया गया।

3- अध्यापिका की भाषा समझने में सरल/कठिन थी, क्योंकि -

4- आज पाठ पढ़ाने के लिए काम में ली गई सहायक सामग्री ने पाठ को अधिक/कम प्रभावशाली बनाया, क्योंकि -

5- अध्यापिका ने कक्षा में विचार-विमर्श को प्रोत्साहित किया/नहीं किया, क्योंकि -